ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक :–3प/मु0म0नि0यो0–19–43/2019(पार्ट–1)/487/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**डॉ० रणजीत कुमार सिंह,** भा०प्र०से०
निदेशक

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक 21/01/2022

**विषय :–** **"बिहार पंचायत आम निर्वाचन–2021" के घोषित निर्वाचन परिणाम के आधार पर वार्ड सचिव, सहित वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन की प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–7219 दिनांक–13.12.2021 एवं पत्रांक–207 दिनांक–07.01.2022**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रासंगिक पत्र के माध्यम से "बिहार पंचायत आम निर्वाचन–2021" के घोषित निर्वाचन परिणाम के आधार पर "बिहार वार्ड सभा तथा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति कार्य संचालन नियमावली, 2017" में प्रावधानित व्यवस्था के तहत नए सिरे से वार्ड सचिव, सहित वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन दिनांक–15.01.2022 तक पूर्ण कराते हुए तत्संबंधी अनुपालन से विभाग को अवगत कराने हेतु अनुरोध किया गया था।

विषयांकित समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि कतिपय जिला अन्तर्गत सभी वार्डों में अब तक विहित प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जा सका है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में पुनः स्मारित करते हुए अनुरोध है कि कोविड महामारी के लिये निर्धारित मापदंड के आधार पर वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति का गठन शीघ्र पूर्ण कराये जाने से संबंधित युक्तिसंगत निदेश सभी संबंधित इकाई को देने की कृपा की जाय।

**विश्वासभाजन**

20/1/22

**(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)**
निदेशक

**ज्ञापांकः–3प/मु0म0नि0यो0–19–43/2019(पार्ट–1)/487/पं०रा० पटना, दिनांक 21/01/2022**

**प्रतिलिपिः**–सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/1/22

**(डॉ० रणजीत कुमार सिंह)**
निदेशक